पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा यमुना एक्सप्रेसवे

लखनऊ। आगरा-नोएडा यमुना एक्सप्रेस-वे को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। इससे यमुना एक्सप्रेसवे से गुजरने वाले यात्रियों को आसानी होगी और ईंधन एवं समय की बचत भी होगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आगरा-नोएडा यमुना एक्सप्रेसवे को नए विकसित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कार्यवाही के लिए उप महाप्रबंधक (परियोजना) यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण गौतमबुद्ध नगर को निर्देशित किया गया है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के बाहर नए विकसित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे बन जाने के कारण दिल्ली को जोड़ने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण अन्तर्राज्यीय मार्ग इससे जुड़ने के फलस्वरूप आवागमन की सुगमता होगी। इस एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी उत्तर प्रदेश के आगरा-नोएडा यमुना एक्सप्रेसवे से न होने के कारण इस एक्सप्रेसवे से गुजरने वाले वाहनों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए उन्होंने यह मांग की थी। पर्यटन मंत्री ने किसानों को प्राधिकरण की ओर से नॉन लिटिगेशन इन्सेटिंव वितरण के बाद इस कार्य को शुरू कराए जाने के लिए सीएम के प्रति आभार जताया। ब्यूरो

देश को भरोसा है